दिनांकः 04.10.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- केन्द्र ने सतत कृषि और खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए पीएम राष्ट्रीय कृषि विकास योजना और कृषोन्नति योजना को मंजूरी दी।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज माउंट आबू में 'स्वच्छ और स्वस्थ समाज के लिए आध्यात्मिकता' विषय पर हो रहे वैश्विक शिखर सम्मेलन में करेंगी शिरकत।
- ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने प्रदेश में सौर ऊर्जा के साथ नवीकरण ऊर्जा क्षेत्र को और अधिक मज़बूत बनाने पर दिया ज़ोर।
- प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न जिलों में कई नए विकास कार्यों की शुरूआत।

....................

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने टिकाऊ कृषि को प्रोत्साहन देने के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना और खाद्य सुरक्षा में आत्मनिर्भरता के लिए कृषोन्नति योजना को मंजूरी दे दी है। दोनों योजनाओं को एक लाख करोड़ रुपये से अधिक के प्रस्तावित खर्च के साथ लागू किया जाएगा। इसमें पीएम–प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के लिए 57 हजार करोड़ रुपये से अधिक राशि और कृषोन्नति योजना के लिए 44 हजार 246 करोड़ रुपये शामिल हैं। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कल नई दिल्ली में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाताओं को ये जानकारी दी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन उपायों से किसानों की आय में बढ़ोतरी होगी

...............

सरकार ने 10 हजार 103 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ वर्ष 2024–25 से 2030–31 तक के लिए राष्ट्रीय खाद्य तेल–तिलहन मिशन को भी मंजूर किया है। श्री वैष्णव ने कहा कि यह फैसला अगले सात वर्षों में भारत को तिलहन उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से लिया गया है। इसमें सरसों, मूंगफली, सोयाबीन, सूरजमुखी और तिल जैसी प्रमुख प्राथमिक तिलहन फसलों के उत्पादन को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।
मंत्रिमंडल ने भारत को अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा दक्षता केन्द्र में शामिल होने के लिए 'लेटर ऑफ इंटेंट' पर हस्ताक्षर करने की भी मंजूरी दी है। इससे भारत 'ऊर्जा दक्षता हब' में शामिल हो सकेगा। यह हब दुनिया भर में ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने के लिए समर्पित एक वैश्विक मंच है। मंत्रिमंडल ने 11 लाख 72 हजार से अधिक रेलवे कर्मचारियों के लिए 78 दिनों के उत्पादकता से जुड़े बोनस पीएलबी को भी मंजूरी दी है।

....................

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, आज सिरोही जिले के माउंट आबू में 'स्वच्छ और स्वस्थ समाज के लिए आध्यात्मिकता' विषय पर हो रहे वैश्विक शिखर सम्मेलन में शिरकत करेंगी। इस सम्मेलन का आयोजन प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा किया जा रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि राष्ट्रपति ब्रह्माकुमारी संस्थान के मानसरोवर में पौधरोपण कार्यक्रम में भी भाग लेंगी।

.............

राष्ट्रपति का आज ही बांसवाड़ा के मानगढ़ धाम में राज्य सरकार की ओर से आयोजित आदि गौरव सम्मान समारोह में भी शामिल होने का कार्यक्रम है। इससे पहले, प्रदेश के दो दिन के दौरे के तहत कल पहले दिन राष्ट्रपति ने उदयपुर में मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में भाग लिया और विद्यार्थियों को पदक प्रदान किये।

....................

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने प्रदेश में सौर ऊर्जा के साथ नवीकरण ऊर्जा क्षेत्र को और अधिक मजबूत बनाने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि इससे राज्य के साथ–साथ देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को भी पूरा किया जा सकेगा। कल ग्रेटर नोएडा में "रिन्यूअल एनर्जी इंडिया एक्सपो" में राजस्थान सोलर

एसोसिएशन की ओर से आयोजित "अग्रणी राजस्थान" प्रदर्शनी और कार्यक्रम के उद्घाटन के अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य के पश्चिमी इलाकों में सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट लगाने की असीम संभावनाएं हैं।
उन्होंने कहा कि किसी भी देश की जीडीपी को बढ़ाने में ऊर्जा की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने "राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट" के लिए निवेशकों को आमंत्रित किया।

....................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के तीसरे कार्यकाल में पहले सौ दिनों में किये गये महत्वपूर्ण कामों के बारे में जानकारी देने के लिए आकाशवाणी जयपुर के प्रादेशिक समाचार बुलेटिनों में विशेष श्रृंखला चलाई जा रही है। आज हम आपको बता रहे हैं, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के स्वच्छ पौध कार्यक्रम के बारे में।

..............

....................

प्रदेश में पर्यटन को बढावा देने के लिए किये जा रहे प्रयासों के तहत आज विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी आज अजमेर की आना सागर झील में इलेक्ट्रिक डबल डेकर क्रुज की शुरूआत करेंगे। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत और अन्य जन प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। इस क्रूज के माध्यम से पर्यटक, झील में 45 मिनट में 6 किलोमीटर यात्रा का लुफ्त उठा सकेंगे। इसमें एक साथ डेढ़ सौ यात्री सफर कर सकेंगे।
उधर, जैसलमेर में सैलानियों की सुविधा को देखते हुए दस करोड़ रुपये के सौंदर्यकरण कार्यों की शुरूआत हो गई है। नगर परिषद की ओर से शहर के मुख्य मार्गों और चौराहों को आकर्षक रूप दिया जा रहा है। शहर के मुख्य मार्गों पर जैसलमेरी शैली में कलात्मक डिवाइडर बनाए जा रहे हैं। एयरफोर्स चौराहे पर साउंड सिस्टम, पार्क और लाइटिंग सहित, पर्यटकों के लिए डिजिटल बोर्ड की व्यवस्था की जाएगी।
वहीं बारां जिले के शेरगढ़ अभ्यारण के 348 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में इको संसेटिव जोन विकसित किया जाएगा। इसमें झालावाड़ के 12 और बारां जिले के 26 गांव शामिल होगें। इसके तहत इन 38 गांवों में नोटिफिकेशन जारी होने के बाद किसी भी तरह की व्यावसायिक गतिविधियां नहीं की जा सकेंगी।

....................

सीकर के खाटूश्याम में आज से कृषि प्रशिक्षण शिविर लगाया जा रहा है। तीन दिन तक चलने वाले इस आयोजन में देशभर के 13 राज्यों से करीब एक हजार किसान भाग लेंगे। इसका उद्घाटन पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावा करेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य देश के किसानों को कम लागत की खेती कर स्वावलंबी और सशक्त बनाना है।

....................

आईसीसी महिला टी–20 विश्व कप में आज भारत का पहला मुकाबला न्यूजीलैंड से होगा। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम शाम को दुबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। वहीं दोपहर को होने वाले मैच में वेस्टइंडीज का सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा। इससे पहले कल शारजाह में खेले गए मैच में पाकिस्तान ने श्रीलंका को 31 रनों से हरा दिया।

....................